53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:56, सूर्यास्त - 6:44 | वर्षः 53/अंक : 100 शनिवार, 12 अप्रैल 2025 चैत्र, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा सम्वत् 2082 | कुल पृष्ठ-4

श्री बालाजी जन्मोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं



53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

श्री बालाजी जन्मोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

वर्ष: 53/अंक : 100 | शनिवार, 12 अप्रैल 2025 | चैत्र, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा | सम्वत् 2082



# सतीश महाना ने हनुमत धाम में चढ़ाया सोने का छत्र

**भोपा, 11 अप्रैल (बु.)।** शुकतीर्थ स्थित हनुमतधाम आश्रम में हनुमान जयंती महोत्सव कार्यक्रम में शुक्रवार को संत सम्मेलन में अनेक संतों ने श्रीराम भक्त हनुमान की महिमा का वर्णन किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने भाग लेकर पूजा-अर्चना की व संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने श्रीहनुमान मंदिर में सोने का कलश चढ़ाया। इस दौरान तीर्थनगरी में सुरक्षा के लिये भारी पुलिस बल तैनात रहा। शुकदेव आश्रम में विधानसभा अध्यक्ष ने विशेष पूजा-अर्चना कर ओमानन्द महाराज का आशीर्वाद ग्रहण किया। हनुमत धाम में हनुमान जयंती महोत्सव के अवसर पर आयोजित ज्ञान गुण सागर कार्यक्रम का शुभारम्भ हनुमान जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि सतीश महाना ने कहा कि मनुष्य रूप में जन्म लेने को हम भाग्यशाली समझते हैं। गुरू के चरणों में हमें शिक्षा और ज्ञान मिलता है।

सौभाग्य से पुण्य प्राप्त होता है। हम कहीं भी हों संतों का तेज और प्रकाश वहीं प्राप्त होता है। कुम्भ के तेज का प्रभाव इतना है कि दुनिया को हिला सकता है। इंसानियत का सही रास्ता है सनातन। वसुधैव कुटम्बकम हमारे संस्कार में हैं, जिस प्रकार सभी नदियां समुद्र में मिलती हैं, वैसे ही सनातन संस्कृतियों का मूल है। संतों का धर्म है ज्ञान और शिक्षा देना। धर्म का मतलब है सत्यता। सम्पूर्ण विश्व एक परिवार है। सनातन संस्कृति मनुष्य को जीवन पद्धति सिखाती है। हमारे यहां किसी से द्वेष नहीं सिखाया जाता है। संतों की वर्षों की तपस्या का फल मोदी व योगी का शासन है। 140 करोड़ की आबादी वाला देश सुख-शांति से आगे बढ़ रहा है, तो यह अदृश्य शक्तियों के कारण है और एक दिन इसी संदेश से पूरा विश्व प्रेरणा लेगा। योग्यता से पद व सम्मान मिलेगा, यह तो भ्रम है। पद संतों की कृपा से मिलता है। वह संतों की कृपा से ही आज इस पद पर हैं। संतों का आदर सम्मान सर्वोपरि है। शुकतीर्थ की पावन भूमि पर संतों का सानिध्य प्राप्त होना बड़े सौभाग्य की बात है। महामंडलेश्वर स्वामी केशवानन्द सरस्वती महाराज ने संतों का धन्यवाद करते हुए कहा कि हनुमानजी की कृपा से जीवन धन्य होता है। हनुमान जी की भक्ति से मन प्रभुभक्ति में दृढ़ होता है तथा आत्मिक बल मिलता है। इसके अलावा स्वामी प्रेमानंद पुरी महाराज, स्वामी शिव प्रेमानन्द महाराज, स्वामी रूपानंद महाराज, स्वामी देवेंद्रानन्द गिरी महाराज, स्वामी विद्यागिरी महाराज, स्वामी अमिता भारती महाराज, स्वामी भास्करानन्द महाराज, स्वामी शारदा गिरी महाराज, स्वामी विज्ञानानंद महाराज, रविन्द्रपुरी महाराज, शंकरपुरी महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी गोपालदास महाराज, सीताराम शास्त्री आदि ने भी अपने सम्बोधन में हनुमान जी के जीवन और भक्ति पर प्रकाश डाला। इस दौरान मंत्री कपिलदेव अग्रवाल, सांसद चंदन चौहान, विधायक मिथलेश पाल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, पूर्व विधायक अशोक कंसल, अरूण पाल, आरके टंडन, सुखदर्शन सिंह बेदी आदि मौजूद रहे।





# मंत्री अनिल कुमार के निवास पर प्रसन्न दिखाई दिये सतीश महाना

## बोले- मुझे यहां के लोग पसंद करते हैं, ये मेरा सौभाग्य

**मुजफ्फरनगर, 11 अप्रैल (बु.)।** दिन निकलते ही सुबह विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना कैबिनेट मंत्री के निवास पर पहुंचे तो उनका मंत्री द्वारा शानदार स्वागत किया गया। फूलों की मालाओं से लदे विधान सभा अध्यक्ष मंत्री अनिल कुमार के निवास पर बिजनौर सांसद चंदन चौहान, विधान मण्डल दल के नेता राजपाल बालियान, पूर्व मंत्री योगराज सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख विनोद मलिक आदि ने उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बताया कि वे शुक्रताल के हनुमत धाम आश्रम में एक पारिवारिक और आध्यात्मिक विषय को लेकर आए हैं, मगर ये मेरा सौभाग्य है कि कल से अब तक मैं लगातार आप लोगों के परिवार के बीच में हूँ, जितना प्रेम मुझे मुजफ्फरनगर से मिला है, वह शायद कभी नहीं मिला। 28 वर्षों से मेरा मुजफ्फरनगर से दिल से कनेक्शन है। जब मैं प्रभारी था, तब भी आमजन का मुझसे विशेष लगाव था। यहां के विधायक हों, नेता हों, मंत्री हों, मेरा सबसे समान स्नेह बना हुआ है और



आप लोग मुझे इतना पसंद करते हैं, यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है। 18वीं विधानसभा में मैं अध्यक्ष बना तो आम आदमी के साथ मेरा जो कनेक्शन होना चाहिए, मैंने उसको साबित करने का प्रयास किया है। उन्होंने विधायकों की तारीफ करते हुए कहा कि हमारी सरकार में विधायक क्षेत्र में कितना मेहनत करते हैं, यह मैं अच्छी तरह से जानता हूँ। उन्होंने कहा कि पहले विधायक विधानसभा में बोलना तक नहीं चाहते थे, जबकि चार-चार बार के टर्म विधायक के रूप में उन्हें मिलते थे मगर अब विधायकों को बोलने का मौका दिया जाता है तो वे आप लोगों की बात विधानसभा तक बखूबी पहुंचाते हैं। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि जब मीडिया मुझसे पूछती

शेष खबर : पृष्ठ-4 पर

# बिन्दल परिवार में हुआ महाना का भव्य स्वागत

**मुजफ्फरनगर, 11 अप्रैल (बु.)। शुक्रवार को यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना का गांधी कॉलोनी स्थित उद्योगपति राकेश बिन्दल परिवार ने जोरदार स्वागत किया। विधानसभा अध्यक्ष ने बिन्दल परिवार का आतिथ्य स्वीकार करते हुए बिन्दल निवास पर ही भोजन ग्रहण किया। पारिवारिक कार्यक्रम के दौरान परिवार के लोगों ने उनके साथ खूब सेल्फियां ली और विधानसभा अध्यक्ष के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विधानसभा अध्यक्ष ने इस अवसर पर परिवार के बच्चों को आशीर्वाद दिया और कहा कि यह परिवार साधारण एवं सौम्य परिवार है और इस परिवार से उनका पुराना नाता है। परिवार के लोगों में अनिल बिन्दल, सचिन बिन्दल, मयंक बिन्दल, सात्विक बिन्दल, अंकुर बिन्दल, शिविका बिन्दल, आयुष बिन्दल, कुश बिन्दल, संस्कार बिन्दल मौजूद रहे।**









बिंदल आवास पर परिवार के लोग विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना का स्वागत करते हुए।

# स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी में बंद मिला सांवलिया चाइल्ड केयर




**मुजफ्फरनगर, 11 अप्रैल (बु.)।** स्वास्थ्य विभाग को किसी ने सूचना दी थी कि भोपा रोड स्थित सांवलिया चाइल्ड केयर बिना डिग्री के संचालित किया जा रहा है, जिस पर एसीएमओ के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग की टीम छापेमारी करने पहुंची, क्लीनिक बंद मिला, जिसके चलते शिकायत की जांच नहीं हो सकी। शिकायत थी कि आरोपी महिला चिकित्सक द्वारा आम जनमानस एवं बच्चों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। इस मामले में सुशील शर्मा पुत्र बिजेन्द्र शर्मा ने सीएमओ को शिकायत देते हुए बताया था कि नेहा उर्फ बुलबुल पुत्री डीबी मित्तल द्वारा झूठे व कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर सीएमओ के कार्यालय से प्रमाण पत्र को नगर के मशहूर डॉ. शिशिर को अपना साथी बनाकर उनके मुख्तारेआम विपिन कुमार पुत्र कस्तूरी लाल की सम्पत्ति 320/1 संजय मार्ग साउथ भोपा रोड जोकि शहर के बच्चों के मामले में मशहूर रहे डॉक्टर कस्तूरी लाल नारंग द्वारा संचालित सांवलिया क्लीनिक के नाम से प्रसिद्ध है पर प्राप्त कर लिया था, जबकि भवन संख्या 320/1 कृष्णाकुमारी के नाम है। नगरपालिका परिषद के अभिलेखों में भी उक्त बैनामा कृष्णा कुमारी के नाम से पहले से ही दर्ज है। मुख्तारेआम विपिन कुमार द्वारा वसीयत 19 जून 1998 द्वारा कृष्णा कुमारी रजिस्ट्रार कार्यालय में पंजीकृत स्वामी हैं। शिकायतकर्ता सुशील शर्मा ने आरोप लगाया था कि नेहा उर्फ बुलबुल पुत्री डीबी मित्तल के पास ना तो कोई डिग्री है और ना ही सम्पत्ति के दस्तावेज हैं। वह अवैध कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर कार्यालय से क्लीनिक चलाने का कार्य वर्ष 2022 से प्रमाण-पत्र हासिल कर कार्य कर रही है। नेहा द्वारा डॉक्टरी

शेष खबर : पृष्ठ-4 पर

## श्री बालाजी जयंती पर आज बंद रहेंगे नगर क्षेत्र के सभी स्कूल

**मुजफ्फरनगर, 11 अप्रैल (बु.)।** श्री बालाजी जयंती पर पूर्व वर्षों की भांति नगरीय क्षेत्र में भक्ति की धुन हर ओर गूंजेगी। जिला प्रशासन द्वारा ऐसे हालातों के बीच शनिवार यानि 12 अप्रैल को नगरीय क्षेत्र के सभी स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है। शुक्रवार में डीआईओएस राजेश कुमार श्रीवास ने आदेश जारी करते हुए बताया कि 12 अप्रैल शनिवार को नगर क्षेत्र मुजफ्फरनगर में संचालित सभी राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त, वित्तविहीन, मान्यता प्राप्त प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक एवं सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध सभी स्कूलों में छुट्टी रहेगी। यह निर्णय श्री बालाजी जन्मोत्सव शोभायात्रा के दौरान छात्रों की सुरक्षा के साथ नगरीय क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ किए जाने के दृष्टिगत लिया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार श्रीवास द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया है कि इस दिन श्री बालाजी जन्मोत्सव की शोभायात्रा नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से वृहद स्तर पर निकाली जाएगी, जिससे नगर क्षेत्र के विद्यालयों में आने-जाने वाले सभी छात्रों को असुविधा हो सकती है, इसे ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर के निर्देश पर अवकाश घोषित किया गया है।

## हर्ष फायरिंग में पिता-पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**मुजफ्फरनगर, 11 अप्रैल (बु.)।** खालापार थाना क्षेत्र के सुजड़ू में एक युवक ने अपने पिता की रायफल से हर्ष फायरिंग की। पुलिस ने पिता-पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर रायफल को अपने कब्जे में ले लिया है। आपको बता दें कि ईद पर सुजड़ू क्षेत्र में लीकड़ा पट्टी निवासी सलीम ने अपने पिता सगीर की लाइसेंसी रायफल से हर्ष फायरिंग की थी। इसी दौरान किसी ने वीडियो को बना लिया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस ने वीडियो की जांच की। जांच में खुलासा होने पर पुलिस ने पिता पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने रायफल को भी अपने कब्जे में ले लिया है।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

**सम्पादक-अंकुर दुआ**

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840

(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929

सम्पादक-9412210257

E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

# शोभायात्रा के दौरान रहेंगे सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**मुजफ्फरनगर, 11 अप्रैल (बु.)।** बालाजी जंयती से पूर्व शुक्रवार को पुलिस शोभायात्रा के दौरान कड़ी सुरक्षा के इंतजाम में लगी दिखाई दी। अधिकारी स्वयं सड़कों पर उतरे और चप्पे-चप्पे पर व्यवस्था का जायजा लेते हुए कड़ी निगरानी के आदेश दिये। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए 2 एसपी, 13 सीओ, 700 महिला-पुरुष सुरक्षा कांस्टेबल तैनात किये गए हैं, इनके अलावा 200 सब इंस्पेक्टर, 60 इंस्पेक्टर तथा पीएसी की एक कम्पनी को भी ड्यूटी पर लगाया गया है। शोभायात्रा के दौरान सोशल मीडिया पर भी निगरानी के लिए अलग से टीम गठित की गयी है। आज शनिवार को दिन निकलते ही चप्पे-चप्पे पर पुलिस की तैनाती स्वयं दिखाई देगी।

## क्या होगा यात्रा का रूट? शोभायात्रा को लेकर एडवाइजरी लागू

**मुजफ्फरनगर।** एसपी ट्रैफिक अतुल कुमार चौबे ने बताया कि शनिवार सुबह 9 बजे भरतिया कॉलोनी स्थित श्री बालाजी धाम मंदिर से बालाजी भगवान के जन्मोत्सव पर शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो नवीन मंडी स्थल कूकड़ा, मुनीम कॉलोनी, जैन कन्या इंटर कॉलेज, बड़ा डाकखाना, गउशाला रोड, नंदी स्वीट्स, पुरानी गुड़ मंडी रोड से मुड़कर पीठ बाजार, चौड़ी गली, बिंदल बाजार, मेहता क्लब के बराबर से वकील रोड, बड़ी धर्मशाला के चौराहे से, गउशाला रोड, भोपा पुल, मदन स्वीट्स, मालवीय चौक, अंसारी, मोती महल, सर्राफा बाजार, भगत सिंह रोड, शिव चौक, बालाजी चौक से गांधी कॉलोनी, माता वैष्णो देवी मंदिर, लक्ष्मी नारायण मंदिर, द्वारिकापुरी से होते हुए भोपा पुल के बराबर से वकील रोड, नई मंडी बिजलीघर से बड़ा डाकखाना होते हुए वापस श्री बालाजी धाम मंदिर प्रांगण पर रविवार सुबह संपन्न होगी। जिसके चलते रूट डायवर्जन व प्रतिबंध प्लान लागू किया गया है। उन्होंने आम जनमानस से अपील की है कि शोभा यात्रा के दौरान वर्णित उक्त मार्गों के स्थान पर वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें और यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।

# शहर में आया आंधी तूफान, सड़कों यातायात और रेलवे ट्रैक रहा जाम

**मुजफ्फरनगर, 11 अप्रैल (बु.)।** गुरूवार के बाद शुक्रवार को भी एकाएक जनपद का मौसम बिगड़ता दिखाई दिया। दोपहर में हुए धुंधले बादलों के बाद शाम को मौसम ने भयावह रूप ले लिया और तेज आंधी चलने से होर्डिंग उड़ने के साथ-साथ कई पेड़ भी टूटते दिखाई दिये। हल्के टीन टप्पर भी आंधी में उड़ गए। आंधी के आने से मौसम तो सुहाना हो गया मगर सड़कों और रेलवे ट्रैक के अवरुद्ध होने लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। खतौली में लगभग दो घंटे सड़क जाम की सूचना मिली तो बुलेटिन पाठकों ने दौराला रेलवे स्टेशन से समाचार भेजा कि रेलवे ट्रैक पर पेड़ गिर जाने से तार टूट गए हैं, जिसके चलते शालीमार एक्सप्रेस को पाबली खास रेलवे स्टेशन और हरिद्वार पैसेंजर को मेरठ कैंट स्टेशन पर रोका गया। घंटों तक कई ट्रेनें विभिन्न स्टेशनों पर रुकी दिखाई दी। कई घंटे की मशक्कत के बाद पेड़ हटाए जाने पर मुजफ्फरनगर-मेरठ रेलवे ट्रैक पुनः संचालित किया गया। पिछले कई दिनों से पारा 35 डिग्री तक पहुंच गया था, वह शुक्रवार की शाम ढलते-ढलते 23 डिग्री तक पहुंच गया तथा न्यूनतम तापमान 9 डिग्री तक पहुंच गया। देर शाम जब आंधी आई तो लोगों को दुपहिया वाहन चलाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। धूलभरी आंधी से दुपहिया वाहन चालकों की आंखों में धूल भर गई।



## रिटायर्ड अध्यापक ने लगाया धारदार हथियारों से घायल करने का आरोप

**मुजफ्फरनगर, 11 अप्रैल (बु.)।** तितावी थाना क्षेत्र के गांव साल्हाखेड़ी के रहने वाले रिटायर्ड अध्यापक निरंजन शर्मा ने तहरीर देते हुए जानकारी दी कि सुबह करीब 10 बजे जब वह अपने घर पर मौजूद था, और उनके पड़ोसी के घर पर चिनाई का काम चल रहा था, तो पड़ोसी ने बिना अनुमति के निरंजन शर्मा की दीवार में से ईंट निकालकर उसमें अपनी बल्ली लगाने की कोशिश की, इस पर जब अध्यापक ने विरोध किया तो बात इतनी बढ़ गयी कि आरोपी ने अपनी पत्नी व एक अन्य के साथ मिलकर रिटायर्ड अध्यापक निरंजन को गाली गलौच करते हुए धारदार हथियारों से उन जानलेवा हमला करते हुए घायल कर दिया। लहूलुहान हालत में रिटायर्ड अध्यापक निरंजन शर्मा थाने पहुंचे और मामले की पूरी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने निरंजन शर्मा को उपचार के लिए भिजवाया और उनकी तहरीर पर आरोपियों की तलाश में दबिश शुरू कर दी।

# पुलिस मुठभेड़ में 6 गिरफ्तार



**मुजफ्फरनगर, 11 अप्रैल (बु.)।** ट्रांसफार्मर व तार चोरी करने के छह आरोपियों को मन्सूरपुर पुलिस ने मुठभेड़ में किया गिरफ्तार। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली लगने से तीनों आरोपी घायल हो गए। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से 1.40 लाख रुपए, 73 मीटर तार के साथ-साथ एक आयशर कैंटर और तीन तमंचे व अन्य सामान बरामद किया है। घायल होने के बाद पुलिस ने चोरों को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया। शुक्रवार को एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि देर रात मन्सूरपुर थाना प्रभारी सुभाष अत्री अपनी टीम के साथ चैकिंग कर रहे थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बेगराजपुर गांव जाने वाले कच्चे रास्ते पर वारदात को अंजाम देने के लिए खड़े बदमाशों को गिरफ्तार करने का प्रयास किया, तो बदमाशों ने उल्टा पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर डाली। जवाब में पुलिस को भी फायरिंग करनी पड़ी, जिसमें तीन बदमाश घायल हो गए। बाद में काम्बिंग की गयी तो चोरों के तीन अन्य साथियों को भी पुलिस ने दबोच लिया। एसपी सिटी ने बताया कि यह गिरोह ट्रांसफॉर्मरों से सामान चोरी की वारदात को अंजाम देता था। पुलिस की गोली लगने से बदमाश नौशाद निवासी गांव बसी थाना शाहपुर, टीना उर्फ जोगिन्दर निवासी वहलना थाना खालापार व जौनी निवासी तुराबनगर थाना कोतवाली नगर गाजियाबाद घायल हुए हैं, जबकि उनके तीन साथी अनुज निवासी गांव मुरादपुरा थाना सरधना मेरठ, साहुल निवासी कुलन्जन थाना सरधना मेरठ, व एहसान अली निवासी प्रेमनगर थाना लोनी गाजियाबाद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने गिरफ्तार बदमाशों से 1.40 लाख रुपए नगद, एक आयशर कैंटर, 7 किलो एल्युमिनियम, 8 किलो कॉपर, तीन तमंचे, तीन चाकू, चोरी के उपकरण, 73 मीटर तार किए हैं।

प्रथम पुण्यतिथि



निधिष राज गर्ग जी

निर्वाण तिथि- 12 अप्रैल 2024

आपसे प्राप्त संस्कारों से शक्ति ग्रहण करते हुए आपकी मधुर स्मृतियों को हृदय में संजोए,हम आपके बताए मार्ग पर निरन्तर आगे बढ़ रहे हैं। आप स्थूल रूप से भले ही हमारे साथ नहीं हैं, किन्तु प्रेरणा स्त्रोत के रूप में आप सदैव से ही हमारे हृदय में विराजमान रहेंगे। आपकी पुण्य तिथि के अवसर पर आपको श्रद्धापूर्वक नमन।

शोकाकुल परिवार

डा0 एम.एल. गर्ग (पिता), उषा गर्ग (माता)

डा0 सपना गर्ग (पत्नी), कार्तिक गर्ग (पुत्र), आराध्या गर्ग (पुत्री)

पूजा-पंकज अग्रवाल (बहन-बहनोई)

प्रतिष्ठान

नाथ क्लीनिक एवं नाथ मेडिकल स्टोर

चौधरी चरण सिंह मार्किट, महावीर चौक, मुजफ्फरनगर-251001

M. 9412213932, 9411929788



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

# प्रधानमन्त्री की एक पोस्ट और राणा

इस समय आतंकी तहव्वुर राना और सुप्रीम कोर्ट में वक्फ कानून के खिलाफ दायर की गयी याचिकाओं ही का ज्यादा चर्चा है, वक्फ मामले पर सुप्रीम कोर्ट में 16अप्रैल को सुनवाई होगी। 26/11के हमले के बाद प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी का 2011 की एक पुरानी पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। यह पोस्ट तब की है, जब अमेरिकी कोर्ट ने राणा को मुंबई हमले में सीधे शामिल होने से बरी कर दिया था, जिससे भारत की संप्रभुता पर सवाल उठे थे। साल 2011 में जब नरेन्द्र मोदी गुजरात के मुख्यमन्त्री थे, तब उन्होंने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर ट्वीट करते हुए पर लिखा था, अमेरिकी कोर्ट से तहव्वुर राणा को मुंबई हमले में निर्दोष बताना भारत की संप्रभुता का अपमान है और यह हमारी विदेश नीति की बड़ी विफलता है। अब यह पोस्ट खूब वायरल हो रही है। इस ट्वीट के 14 साल बाद जब राणा को अमेरिका से भारत लाया जा चुका है, तो सोशल मीडिया यूजर्स पीएम मोदी के पुराने ट्वीट को शेयर कर उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने पीएम की तारीफ करते हुए लिखा,लीडर वही जो बातों को पूरा करे 'कैप्टन माय कैप्टन'। वहीं एक और यूजर लिखते हैं, 'आपने कर दिखाया सर! सलाम और धन्यवाद' कई लोगों ने लिखा,'मोदी है तो मुमकिन है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे ने तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण की सराहना की और कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि राणा को कड़ी सजा मिलेगी। शिंदे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि हमारे देश पर हुए सबसे बड़े आतंकवादी हमले 26/11 के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को भारत लाया गया है। इसके लिए मैं हमारे देश के प्रधानमन्त्री मोदी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। मैं इसके लिए भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर का भी आभार व्यक्त करता हूं। प्रधानमन्त्री मोदी का संसदीय क्षेत्र वाराणसी है, उनकी वाराणसी यात्रा स्वाभाविक है, लेकिन इस बार उनका वाराणसी आगमन इसलिए विशेष हो गया कि यह उनका वाराणसी में पचासवां आगमन है। इसी दौरे पर उन्होंने विपक्ष पर कटाक्ष किया। कल प्रधानमन्त्री ने काशी को करीब 3800 करोड़ की विकास परियोजना की सौगात देने के बाद मेहंदीपुर में एक जनसभा को संबोधित किया। प्रधानमन्त्री ने कहा कि बीते 10 वर्षों में बनारस के विकास ने एक नई गति पकड़ी है। काशी ने आधुनिक समय को साधा है, विरासत को संजोया है और भविष्य को उज्ज्वल बनाने की दिशा में मजबूत कदम रखे हैं। आज काशी सिर्फ पुरातन नहीं, प्रगतिशील भी है। कल हनुमान जन्मोत्सव का पावन दिन है और आज मुझे संकटमोचन महाराज की काशी में आपके दर्शन का सौभाग्य मिला है। हनुमान जन्मोत्सव से पहले काशी की जनता आज विकास का उत्सव मनाने यहां एकत्र हुई है। काशी की धरती से प्रधानमन्त्री ने विपक्ष पर करारा हमला बोला। प्रधानमन्त्री ने कहा कि विपक्ष का एक ही मंत्र है, 'परिवार का साथ और परिवार का विकास'। प्रधानमन्त्री ने कहा कि पिछले 10 सालों में उनकी सरकार का प्रयास रहा है सबका साथ, सबका विश्वास और सबका प्रयास, लेकिन कुछ लोग परिवार से आगे नहीं सोच पा रहे हैं। प्रधानमन्त्री ने कहा कि 10-11 साल पहले, पूरे पूर्वांचल में इलाज को लेकर जो परेशानियां थीं, वो भी हम जानते हैं। आज स्थितियां अलग हैं, मेरी काशी अब आरोग्य की राजधानी भी बन रही है। दिल्ली-मुंबई के बड़े-बड़े अस्पताल आज आपके घर के पास आ गए हैं। यही तो विकास है, जहां सुविधाएं लोगों के पास आती हैं। अब इलाज के लिए जमीन बेचने की जरूरत नहीं, अब इलाज के लिए कर्ज लेने की जरूरत नहीं, अब इलाज के लिए दर-दर भटकने की जरूरत नहीं, आयुष्मान कार्ड से आपके इलाज का पैसा अब सरकार देगी, जब आपने हमें तीसरी बार आशीर्वाद दिया, तब हमने भी सेवक के रूप में स्नेह स्वरूप अपने कर्तव्य को निबाहा है। मेरी गारंटी थी, बुजुर्गों का इलाज मुफ्त होगा, इसी का परिणाम है, आयुष्मान वय वंदना योजना। ये योजना बुजुर्गों के इलाज के साथ ही उनके सम्मान के लिए है। आज काशी होकर जो भी जाता है, वो यहां के इंफ्रास्ट्रक्चर की, यहां की सुविधाओं की बहुत प्रशंसा करता है। हर दिन लाखों लोग बनारस आते हैं, बाबा विश्वनाथ का दर्शन करते हैं, मां गंगा में स्नान करते हैं। हर यात्री कहता है,बनारस, बहुत बदल गया है। भारत की आत्मा उसकी विविधता में बसती है और काशी उसकी सबसे सुंदर तस्वीर है। काशी के हर मोहल्ले में एक अलग संस्कृति, हर गली में भारत का एक अलग रंग दिखता है। मुझे खुशी है कि काशी-तमिल संगमम् जैसे आयोजन से एकता के ये सूत्र निरंतर मजबूत हो रहे हैं। भारत आज विकास और विरासत, दोनों को एक साथ लेकर चल रहा है। इसका सबसे बढ़िया मॉडल हमारी काशी बन रही है। यहां गंगा का प्रवाह है और भारत की चेतना का भी प्रवाह है। प्रधानमंत्री मोदी ने तीन जीआई उत्पादों को प्रमाण-पत्र और 70 वर्ष से अधिक आयु के तीन बुजुर्गों को आयुष्मान कार्ड दिया। पीएम के हाथों प्रमाणपत्र पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। दूसरी तरफ तहव्वुर राणा से जुड़ी खबरें सुर्खियों में हैं। यूएस ने कड़ी सुरक्षा के बीच कैलिफोर्निया में राणा को भारतीय अफसरों को सौंपा। दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर शाम 6.22 बजे उसकी फ्लाइट उतरी, जिसके बाद मेडिकल जांच के बाद एनआईए ने उसे एयरपोर्ट ही पर गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद तहव्वुर राणा को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट के बंद कमरे में हुई पेशी में एनआईए ने पुलिस हिरासत की मांग करते हुए पुख्ता सबूतों का हवाला दिया है, जिनमें ईमेल्स शामिल हैं। एनआईए ने अदालत से कहा है कि साजिश का पदार्फाश करने के लिए आरोपी की कस्टोडियल पूछताछ जरूरी है। एनआईए ने तहव्वुर राणा की 20 दिन की रिमांड की मांग की थी। पटियाला हाउस कोर्ट ने तहव्वुर राणा को 18 दिनों के लिए एनआईए की रिमांड पर भेज दिया है। मुंबई में 26/11 के आतंकवादी हमलों के मुख्य साजिशकर्ता तहव्वुर राणा को फांसी की सजा देने की मांग वाले पोस्टर बड़ी संख्या में दिखाई दे रहे हैं। बोरीवली, कांदिवली और दहिसर जैसे इलाकों में लगे इन पोस्टरों में 166 मृतकों को न्याय दिलाने की अपील है। पोस्टरों पर मोदी है तो मुमकिन है जैसा नारा भी लिखा हुआ है, जो राणा के प्रत्यर्पण को संभव बनाने में प्रधानमन्त्री की भूमिका को रेखांकित करता है। राणा पर आरोप है कि उसने डेविड हेडली को मुंबई भेजा था, ताकि वह हमलों की रेकी कर सके।

चार तीर

सुनील उत्सव

'धर्म' 'तालीम' 'नफरत' 'जमीं'

धर्म की राहों पे चलकर भी भटक जाते हैं क्यों,
अम्न की तालीम भी दिल में उतरती क्यों नहीं?
बैर नफरत के लिए क्या हम जमीं पर आए हैं,
आदमीयत गिर रही है, अब उभरती क्यों नहीं?

# अब शनिवार को होने वाला किसान दिवस 16 अप्रैल को

मुजफ्फरनगर, 11 अप्रैल (बु.)। उप कृषि निदेशक ने बताया कि प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को किसान दिवस जिला स्तर पर मनाये जाने के निर्देशों के क्रम में जनपद के किसानों की समस्याओं का निस्तारण कराने के उद्देश्य से 16 अप्रैल यानि तृतीय बुधवार को किसान दिवस दोपहर 12 बजे से जनपद स्तर पर जिला पंचायत सभा कक्ष में होगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा विकास खण्ड स्तर पर जनपद के प्रत्येक खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय के सभाकक्ष भी 16 अप्रैल में आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय पर होने वाले किसान दिवस में किसान भाइयों की तमाम समस्याओं के निराकरण के साथ-साथ उन्हे कृषि क्षेत्र से जुड़े हर विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की पूरी जानकारियां सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों द्वारा दी जायेगी।

# बजाज शुगर मिल को मंत्री ने लगाई फटकार, दिए तत्काल भुगतान कराने के निर्देश

## शैड्यूल अनुरूप भुगतान न होने पर दी कार्रवाई की चेतावनी



मुजफ्फरनगर, 11 अप्रैल (बु.)। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग मंत्री अनिल कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को विकास भवन सभागार में बजाज शुगर मिल पर किसानों के बकाया गन्ना भुगतान को लेकर गन्ना विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में मंत्री अनिल कुमार विभागीय अधिकारियों एवं बजाज शुगर मिल अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों का गन्ना मूल्य बकाया भुगतान की तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जाए। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने गन्ना विभाग के अधिकारियों को गन्ना किसानों का बकाया भुगतान कराने के दिशा निर्देश दिए। जनपद की 8 चीनी मिलों द्वारा कुल देय 3150.39 करोड़ रुपए के सापेक्ष 2875.16 करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया गया है, जो कुल देय का 91.26 प्रतिशत है। चीनी मिल टिकौला द्वारा वर्तमान पेराई सत्र को शत-प्रतिशत भुगतान कर दिया गया। जनपद की 07 चीनी मिलों द्वारा किये गन्ना मूल्य भुगतान पर संतोष व्यक्त किया गया परन्तु चीनी मिल भैंसाना गन्ना मूल्य में फिसड्डी रहने के कारण चीनी मिल के अध्यासी को कड़ी फटकार लगाई गई तथा तत्काल बकाया गन्ना भुगतान का शैड्यूल प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके बाद चीनी मिलों के अध्यासी द्वारा बकाया भुगतान का शैड्यूल प्रस्तुत किया गया। शैड्यूल के अनुसार चीनी मिल भैसाना द्वारा कुल बकाया 283 करोड़ रुपए के सापेक्ष माह अप्रैल में 46 करोड़ रुपए, माह मई से अगस्त तक प्रतिमाह 47-47 करोड़ रुपए तथा शेष 49 करोड़ रुपए का भुगतान माह सितम्बर में किया जायेगा। मंत्री अनिल कुमार ने चीनी मिल भैंसाना के अध्यासी को निर्देश दिए कि यदि उन्होंने तय शैड्यूल के अनुसार भुगतान नहीं किया गया तो चीनी मिल प्रबन्धन के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। बैठक में बुढ़ाना विधायक राजपाल सिंह बालियान, पूर्व मंत्री योगराज सिंह, रालोद जिलाध्यक्ष संदीप मलिक, डीएम उमेश मिश्रा, सीडीओ संदीप भागिया, उप गन्ना आयुक्त सहारनपुर ओपी सिंह एवं गन्ना अधिकारी संजय सिसौदिया आदि उपस्थित रहे।

# तहसील एवं थानों में भ्रष्टाचार चरम पर, एसडीएम आदेश बेमानीः धर्मेन्द्र मलिक



मुजफ्फरनगर, 11 अप्रैल (बु.)। जनपद में तहसील व थानों में भ्रष्टाचार को लेकर भाकियू अराजनैतिक के राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेन्द्र मलिक ने शुक्रवार को डीएम कार्यालय पहुंच प्रदर्शन किया। इस दौरान डीएम उमेश मिश्रा से मिलकर किसान नेता ने जिले में चल रहे खनन मामलों में अपने खेत से घर तक मिट्टी लाने पर किसानों पर कार्यवाही किए जाने के आरोप लगाते हुए दलालों के माध्यम से पुलिस प्रशासन ने खनन करने की पूरी छूट दिए जाने की बात की। वहीं उन्होंने चकबंदी अधिकारियों पर आरोप लगाया कि ग्राम पुरबालियान में ग्राम समाज एवं नाले की भूमि का सौदा किए जाने के भी कुछ लोगों पर आरोप लगाते हुए इन पर कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को डीएम उमेश मिश्रा एवं एसएसपी अभिषेक सिंह से मुलाकात कर जनपद में तहसीलों एवं थानों में व्याप्त भ्रष्टाचार से अधिकारियों को अवगत कराया। भाकियू नेता धर्मेन्द्र मलिक ने कहा कि थानाध्यक्ष एसडीएम के फोन पर भी घटना स्थल पर नहीं पहुंचते और न जनता का फोन थानाध्यक्ष रतनपुरी उठाते। यही हाल सभी थानों का है। किसान अगर अपने खेत से अपने प्रयोग के लिए मिट्टी उठाता है तो इस पर जुर्माना होता है लेकिन अगर दलालों के माध्यम से खनन होता है तो कार्यवाही नहीं होती। भाकियू नेताओं ने इस बीच दोनों अधिकारियों से जनपद में कानून का राज स्थापित करने की मांग करते हुए एक लिखित पत्र सबूतों के साथ देते हुए कार्यवाही की मांग की। इस दौरान बड़ी संख्या में भाकियू के कार्यकर्ता एवं किसान मौजूद रहे।

# पब्लिक स्कूलों में फीस वृद्धि को लेकर सड़कों पर उतरी कांग्रेस

## - राज्यपाल के नाम सौंपे ज्ञापन में समस्या निदान की उठाई मांग



मुजफ्फरनगर, 11 अप्रैल (बु.)। जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन करते हुए यूपी के निजी स्कूलों में मनमाने शुल्क वसूली के साथ किताबों एवं ड्रेस की आड़ में की जा रही उगाही को रोके जाने की मांग की। यूपी की राज्यपाल के नाम प्रशासन को सौंपे ज्ञापन में कांग्रेस नेताओं ने जनपद में पब्लिक स्कूलों द्वारा की जा रही मनमानी वसूली को रोकने के साथ इस संबंध में पूरे प्रदेश में एक न्यायोचित एवं छात्र हितकारी नियमावली अविलंब बनाए जाने की मांग की। शुक्रवार को उत्तर प्रदेश में पब्लिक स्कूलों में हो रही मनमानी वसूली को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष सत्यपाल कटारिया के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम सौंपे मांग पत्र में आरोप लगाया कि निजी स्कूलों की मनमानी लूट से अभिभावकों का बुरा हाल है। ऐसे में आए वर्ष स्कूलों में की जा रही शुल्क वृद्धि के साथ ही यूनीफार्म और किताबों को बलात मनमाने स्टॉलों से खरीदे जाने के जारी दबाव में बढ़ती महंगाई के बीच अभिभावकों की कमर तोड़ दी है। उन्होंने मांग की कि भीषण महंगाई में जहां एक ओर घर का खर्च चलाना मुश्किल हो रहा है, वहीं स्कूलों के इस लूट तंत्र से अभिभावकों को मानसिक रूप से प्रताड़ना से गुजरना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि निजी स्कूलों का यह आचरण न लोकतंत्र और न ही कल्याणकारी राज्य के सिद्धांतों के अनुकूल है, जिसकी कांग्रेस घोर निंदा करती है और इस व्यवस्था को रोके जाने के साथ इस लूट तंत्र पर त्वरित संज्ञान लेते हुए निजी स्कूलों में फीस वृद्धि के साथ किताबों व यूनीफार्म के लिए एक न्यायोचित एवं छात्र हितकारी नियमावली अविलंब बनवाने की मांग की। इस दौरान सुबोध शर्मा, गुफरान काजमी, डॉ. मुर्तजा सलमानी, सतीश सहरावत, अमित कुमार, संदीप श्रीवासतव, फरदीन खां, सोमदत्त, गालिब त्यागी, रिजवान सिद्दीकी, साबि अंसारी, सुरेन्द्र कुमार, मदन मोहन शर्मा, धर्मवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# तहव्वुर राणा को 18 दिन की एनआईए रिमांड पर भेजा





नयी दिल्ली 10 अप्रैल (वार्ता) राष्ट्रीय राजधानी की पटियाला हाउस विशेष अदालत ने 26/11 के मुंबई हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को गुरुवार को 18 दिनों की रिमांड पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को दिया। एनआईए ने 20 दिन की रिमांड मांगी थी। एनआईए ने राणा को आज इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हिरासत में दिया था। उसे प्रत्यर्पण की लंबी कार्यवाही के बाद अमेरिका से विशेष विमान से आज ही लाया गया था। जांच एजेंसी ने राणा को पूछताछ के लिए रिमांड पर रखने के लिए शाम को विशेष अदालत में पेश किया था और 20 दिन की हिरासत में रखने की अर्जी लगाई थी। अदालत ने सुनवाई के बाद अभियुक्त को 18 दिन की रिमांड पर जांच एजेंसी को सौंपने का आदेश पारित किया। राणा को एनआईए के विशेष न्यायाधीश चंदर जीत सिंह की अदालत में पेश किया गया। एनआईए की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता दयान कृष्णन और विशेष लोक अभियोजक नरेंद्र मान ने मामले की पैरवी की। राणा की कानूनी सहायता के लिए दिल्ली लीगल सर्विस की ओर से अधिवक्ता पीयूष सचदेव ने दलील दी। स्पेशल एनआईए न्यायाधीश सिंह ने बंद कमरे में मामले की सुनवाई की और देर रात दो बजे फैसला सुनाया। एनआईए ने राणा की हिरासत को लेकर अपनी दलीलें पेश की, जिस पर अदालत ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद अपने फैसले में राणा को 18 दिन की रिमांड पर एनआईए को सौंपने को फैसला दिया। इसके बाद उसे आगे की पूछताछ के लिए एनआईए मुख्यालय ले जाया जाएगा। पटियाला हाउस अदालत के इर्दगिर्द कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गयी थी।

# टूटी सड़क व पाइपलाइन पर लगाई फटकार, सुधार के निर्देश

## - चेयरपर्सन ने जाना बालाजी शोभायात्रा मार्ग का निरीक्षण - साफ-सफाई के साथ पथ प्रकाश व जलापूर्ति पर दिया जोर



मुजफ्फरनगर, 11 अप्रैल (बु.)। उत्तर भारत की सबसे बड़ी धार्मिक यात्रा के रूप में अपनी पहचान रखने वाली श्री बालाजी जयंती शोभायात्रा को लेकर बीते कई दिनों से जारी तैयारी अंतिम पड़ाव की ओर अग्रसर है। करीब 24 घंटे चलायमान रहने वाली इस शोभायात्रा के दौरान भगवान श्री बालाजी का दर्शन करने को उमड़ने वाले भक्तों की सुविधा व व्यवस्था की खातिर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने लाव लश्कर के साथ यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान उनको कई स्थानों पर सड़क की हालत दयनीय मिली जहां उन्होंने नाराज होते हुए सड़क का पैच वर्क करने के साथ पथ प्रकाश, सफाई और पेयजलापूर्ति दुरूस्त कराने के निर्देश दिए। नई मंडी के भरतिया कालोनी स्थित श्री बालाजी धाम मंदिर समिति की ओर से श्री बालाजी जन्मोत्सव पर शनिवार को शहर में शोभायात्रा निकालने की तैयारी जोरों पर है। शोभायात्रा शनिवार सुबह करीब नौ बजे मंदिर परिसर में पूजा अर्चना के बाद ही स्वर्ण रथ पर श्री बालाजी महाराज को सवार करने के साथ ही शुरू होगी और इसका समापन रविवार प्रातः मंदिर परिसर में होगा। इसके लिए पुलिस प्रशासन के साथ समिति हर संभव प्रयासरत है, ताकि उक्त शोभायात्रा निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हो सके। वहीं भक्तों द्वारा श्री बालाजी के स्वागत में हर कदम पर भंडारे व पुष्प वर्षा का प्रबंध किया गया है। इन्हीं तैयारियों के बीच नगरपालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने टीम के साथ शुक्रवार को श्री बालाजी शोभायात्रा मार्ग की व्यवस्थाओं को परखा। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप सभासदों व अधिकारियों के साथ निरीक्षण करते हुए नगर के मालवीय चौक पर पहुंची और उन्होंने रूट मार्च प्रारम्भ किया। इस दौरान अंसारी रोड, नावल्टी चौक, मोती महल, सर्राफा बाजार, पंचमुखी, भगत सिंह रोड होते हुए शिव चौक पहुंची और यहां पर भगवान शिव की पूजा अर्चना की। अंसारी रोड पर कई हिस्सों में सड़क की दुर्दशा देख कर उन्होंने नाराजगी जताई और तत्काल सड़क में पैच वर्क कराने के निर्देश ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह को दिए। इसके साथ ही कई स्थानों पर पाइपलाइन में लीकेज मिलने पर उन्होंने जलकल जेई जितेन्द्र कुमार को उसे तुरंत ठीक कराने, सफाई व्यवस्था में अतिरिक्त टीम रूट पर लगाने और पथ प्रकाश बिन्दुओं को चैक करते हुए सभी को दुरूस्त करने के निर्देश दिए। बाद में उन्होंने सभासदों के साथ गांधी कॉलोनी व नई मंडी क्षेत्र में श्री बालाजी शोभायात्रा मार्ग का पैदल भ्रमण करते हुए वहां व्यवस्था बनाने के निर्देश दिये। ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि अंसारी रोड का निर्माण लोक निर्माण विभाग ने किया था, उन्हें एक सप्ताह पूर्व ही सड़क में गड्ढों को लेकर पत्र भेजा था। उन्होंने अभी तक काम शुरू नहीं किया है। चेयरपर्सन ने पालिका स्तर से ही पैच वर्क कराने के निर्देश दिये, ताकि श्री बालाजी शोभायात्रा के दौरान भक्तजनों को कोई परेशानी पैदा न होने पाये। इस दौरान मुख्य रूप से वार्ड सभासद मनोज वर्मा, कुसुमलता पाल, देवेश कौशिक, अमित पटपटिया, अर्जुन प्रजापति, सतीश कुकरेजा, विजय कुमार के साथ ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह, एनएसए डॉ. अतुल कुमार, जलकल जेई जितेन्द्र कुमार, जेई निर्माण राजीव कुमार, चीफ योगेश गोलियान, एसआई प्लाक्षा मैनवाल, लिपिक अशोक ढींगरा आदि मौजूद रहे।

# चतुर्दशी तिथि पर देवी मंदिरों में लगी श्रद्धालुओं की भीड़

## - गांधी कॉलोनी श्री वैष्णो देवी मंदिर में लगा भव्य मेला - नदी घाट सिद्धपीठ देवी मंदिर में पहुंचे हजारों श्रद्धालु



वैष्णो देवी मंदिर समिति की ओर से मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विशेष रूप से सज्जा की गई। वहीं सुरक्षा



मुजफ्फरनगर, 11 अप्रैल (बु.)। चैत्र माह शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि के साथ शुरू हुए नवरात्र महोत्सव का शुक्रवार को मां दुर्गा की पूजा-अर्चना व हवन के साथ संपन्न हो गया। नवरात्र महोत्सव के बीच घरों से मंदिरों तक भक्ति संगीत की रसधारा के साथ श्रद्धालुओं ने घर-परिवार की सुख-समृद्धि की मन्नतें मांगी। इन्हीं व्यवस्थाओं के बीच भक्तों ने दुर्गा मां की पूजा-अर्चना के बीच व्रतों का पारायण प्रसाद के वितरण के बीच किया। महोत्सव की कड़ी में शुक्रवार को घरों से मंदिरों तक पूजा-अर्चना शुरू हुई, जो दोपहर बाद तक जारी रही। वहीं तमाम देवी मंदिरों में दर्शनों को भक्तों की भीड़ दिखाई दी। ऐसे में मंदिरों में लंबी कतारों के साथ श्रद्धालुओं को घंटों प्रतीक्षा करनी पड़ी। इस दौरान महोत्सव के बीच घरों से मंदिरों तक हर ओर भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। चैत्र माह की शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि को घर-घर पूजा-अर्चना के बीच गांधी कॉलोनी स्थित माता श्री वैष्णो देवी मंदिर प्रांगण में भव्य मेले का आयोजन किया गया। शुक्रवार में इस बीच भोर होने के साथ मंदिर प्रांगण में माता की पूजा-अर्चना के साथ दुर्गा के नौ स्वरूपों को प्रसाद का भोग लगाने की खातिर भक्तों की लंबी कतारें मां के दर्शनों को लगी रही। इस दौरान श्री कारणों से श्री वैष्णो देवी मंदिर परिसर में प्रबंध समिति द्वारा तमाम व्यवस्था की गई थी। इस दौरान भारी पुलिस बल गांधी कॉलोनी में मौजूद रहा। मंदिर क्षेत्र में भक्तों के बीच में बढ़ती संख्या के बीच लंबी कतारें लगने से उक्त भक्तों को प्रसाद चढ़ाने के लिए इंतजार भी करना पड़ा। इस दौरान भक्तों के माता दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों को प्रसाद चढ़ाने के साथ वस्त्र, छत्र व श्रृंगार का सामान चढ़ाने का क्रम दोपहर बाद तक जारी रहा। वहीं भक्तों द्वारा इस बीच मां की आराधना के साथ भजन कीर्तन में प्रतिभाग किया गया। गांधी कॉलोनी श्री वैष्णो देवी मंदिर प्रांगण में इस बीच व्यवस्था को बनाने में मंदिर समिति से जुड़े पदाधिकारियों व अन्य सेवादारों का विशेष सहयोग रहा। वहीं, भरतिया कालोनी स्थित शिव शक्ति दुर्गा मंदिर परिसर में महिला मंडल द्वारा मां भगवती के स्वरूप की पूजा अर्चना के साथ ही भजन कीर्तन आयोजित किया गया। इसके अलावा नई मंडी भोपा रोड संजय मार्ग स्थित जय मां शक्ति मंदिर में नवरात्र पूजा के दौरान महिला मंडल की ओर से दोपहर बाद भजन कीर्तन कर मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों का गुणगान किया गया। वहीं गांधी कॉलोनी सुभाष नगर स्थित शिव-शक्ति शनि मंदिर में पंडित योगेश शर्मा के सान्निध्य में तमाम श्रद्धालु भक्ति की गंगा में डुबकी लगाते हुए दिखाई दिए। नगर के अन्य देवी मंदिरों में काली नदी घाट स्थित पौराणिक श्री सिद्धपीठ देवी मंदिर समेत अन्य मंदिरों में दुर्गा पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिर में पहुंची, जहां भक्तों द्वारा माता रानी की पूजा के साथ प्रसाद चढ़ाने का क्रम दोपहर बाद तक जारी रहा। यहां संजय अग्रवाल समेत मंदिर समिति के पदाधिकारी व सेवादार व्यवस्था बनाने में लगे रहे।

# न दूरी है न खाई है, मोदी हमारा भाई है

## -पसमांदा मुस्लिम मंच ने की बीजेपी सरकार की तारीफ



मुजफ्फरनगर, 11 अप्रैल (बु.)। अहिल्याबाई चौक पर शुक्रवार को राष्ट्रवादी पसमांदा मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने वक्फ कानून में किये गए संशोधन का समर्थन करते हुए प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष मौहम्मद शमशाद वीर ने कहा कि भाजपा सरकार ने गरीब व पसमांदा मुसलमानों के हित में यह कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि वक्फ सम्पत्तियों में व्याप्त भ्रष्टाचार और माफियाराज इस बिल से समाप्त हो जाएगा और गरीबों को न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि चंद अमीरों के कब्जे में वक्फ सम्पत्तियां रहती थी, जिनका आम आदमी को कोई लाभ नहीं मिलता था। उन्होंने बताया कि मुजफ्फरनगर में ही करोड़ों रुपये के घोटाले हुए हैं। लोग वक्फ सम्पत्तियों को अपनी निजी सम्पत्ति बनाकर उन्हें कहीं किराये पर चढाते तो कहीं बेचते दिखाई दिये हैं। उन्होंने जमीयते उलेमा ए हिन्द पर आरोप लगाते हुए कहा कि विश्वसनीय सूत्रों से उन्हें पता चला है कि जमीयते उलेमा ए हिन्द के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मस्जिदों के इमामों के सम्पर्क में हैं और मुसलमानों को उकसाने के लिए उन पर दबाव बना रहे हैं, जिससे सामाजिक सौहार्द्र बिगड़ने की सम्भावना है। प्रदर्शन के दौरान समाज के लोगों ने राष्ट्रवादी पसमांदा मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के कार्यकर्ताओं ने नारे लगाए कि दूरी है न खाई है, मोदी हमारे भाई हैं।







# सिल्वर टोन ने वसुन्धरा किंग्स को हरा दर्ज कराई उपस्थिति

मुजफ्फरनगर, 11 अप्रैल (बु.)। चौ. चरण सिंह स्टेडियम में चल रहे एमपीएल टी-20 मैच में शुक्रवार को सिल्वरटोन ने जीत के साथ अपनी उपस्थिति को दर्ज कराया। इस दौरान टीम ने वसुन्धरा सुपर किंग्स की टीम को पराजित किया। सिल्वर टोन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। सिल्वर टोन ने तेज शुरूआत की।इस बीच आदित्य ने अपनी टीम को बेहतर शुरूआत दी। उन्होंने 48 रन बनाए। मध्यम क्रम में प्रशांत ने 47 रनों का योगदान दिया, जिसकी बदौलत सिल्वर टोन ने तय 20 ओवर में 140 रन बनाए। इस मैच में अमन ने एक ओवर में शानदार हैट्रिक लेकर सिल्वर टोन को 140 रनों तक रोक दिया। इस बीच अमन और शांतनु ने 4-4 विकेट लिए। उधर, वसुंधरा सुपर किंग्स ने खेल मैदान में उतरने के साथ अपना पहला विकेट पहली गेंद पर खो दिया, जिसके चलते शुरूआत से वसुंधरा टीम दबाव में रही। विश्वेंद्र ने 28 और आयुष ने 29 रनों का योगदान दिया। वसुन्धरा सुपर किंग्स 128 रनों पर ऑल आउट हो गई। इस बीच यश ने 4 और प्रवीण ने 4 विकेट लिए। मैच के समापन समारोह में नवीन गर्ग, केशव गर्ग, पराग गोयल सिद्धबली पेपर, राजीव जैन, संजीव जैन गर्ग डुप्लैक्स, अमित गर्ग सिल्वर टोन पेपर से स्टेडियम में उपस्थित रहे। मैन ऑफ द मैच 4 विकेट लेने वाले प्रवीण कुमार को दिया गया। फाइटर ऑफ मैच अमन सिंह एवं बेस्ट फील्डर अश्विनी सिंह को दिया। इस मैच में निर्णायक की भूमिका रवि कौशिक, आदिल जैदी ने निभाई। थर्ड अंपायर के रूप में शाहिद और फोर्थ अंपायर शादाब रहे। ऑनलाइन स्कोरिंग पलक शर्मा ने निभाई। इस दौरान मुख्य रूप से मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन से चेयरमैन भीम कंसल, अध्यक्ष भूपेंद्र यादव, सचिव मनोज पुंडीर, कोषाध्यक्ष संजय शर्मा, अजय जैन, कुशल पाल सिंह, इंदर माथुर, योगेंद्र मलिक, ओमदेव सिंह, रोहित चौधरी, विकास राठी, अरविंद भारद्वाज, रोहन त्यागी, अरशद, आदि उपस्थित रहे।

# आरपीएल राइडर्स ने एमजी को पराजित कर कराई जीत दर्ज

मुजफ्फरनगर, 11 अप्रैल (बु.)। चौ. चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में शुक्रवार को संपन्न क्रिकेट प्रतियोगिता में आरपीएन राइडर्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। इस बीच एमजी की शुरूआत निराशाजनक हुई। उन्होंने दूसरे मैच में भी अपने दो विकेट जल्दी ही गंवा दिए। हालांकि मध्यक्रम में आराध्य यादव ने समझदारी से बल्लेबाजी करते हुए 55 गेंदों पर 82 रनों की शानदार पारी खेली। वहीं गर्वित ने भी 32 रनों का योगदान दिया जिसके चलते आरपीएल राइडर्स को 20 ओवर में 164 रनों का लक्ष्य रखा। एमजी स्टार्स ने अपना पहला विकेट पहली गेंद पर ही खो दिया जिसके चलते शुरूआत से पूरी पारी दबाव में रही। मैच में नमन ने 31 रनों का योगदान दिया। इसके अलावा कोई भी बल्लेबाज रूककर बल्लेबाजी नहीं कर सका जिसके चलते पूरी टीम 135 रनों पर ऑल आउट हो गई। मैच के समापन समारोह में दिनेश रैना एमडी रैना क्लास, विकास राठी जॉइंट सेक्रेटी, मयूर गर्ग एमडी ओरिस्टो प्रा. लि. उपस्थित रहे। मैन ऑफ द मैच 82 रन और 3 विकेट लेने वाले वाले आराध्य यादव को मिला। फाइटर ऑफ मैच नमन शर्मा, बेस्ट फील्डर विवेक को दिया गया। इस मैच में निर्णायक की भूमिका मौहम्मद शाहिद व आदिल जैदी ने निभाई। थर्ड अंपायर के रूप में रवि कौशिक और फोर्थ अंपायर शादाब रहे। ऑनलाइन स्कोरिंग पलक शर्मा ने निभाई। इस दौरान मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन से चेयरमैन भीम कंसल, अध्यक्ष भूपेंद्र यादव, सचिव मनोज पुंडीर, संजय शर्मा, अजय जैन, कुशल पाल सिंह, इंदर माथुर, योगेंद्र मलिक, ओमदेव सिंह, रोहित चौधरी, विकास राठी, अरविंद भारद्वाज, रोहन त्यागी, अरशद, आदि मौजूद रहे।

# शोषित समाज संगठन ने घेरी कलेक्ट्रेट, दिया धरना

मुजफ्फरनगर, 11 अप्रैल (बु.)। अखिल भारतीय शोषित समाज संगठन ने महात्मा ज्योतिबा फुले जयन्ती के मौके पर कलेक्ट्रेट परिसर में धरना देते हुए प्रदर्शन किया। कलेक्ट्रेट में महापंचायत के बूते 6 सूत्रीय मांग पत्र प्रशासन के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम सौंपा। महापंचायत में में जिलेभर के अति पिछड़े समाज से सैनी, पाल, कश्यप, प्रजापति, धीमान, सैन, बंजारा, जुलाहा आदि लोग शामिल हुए। प्रधानमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन में अखिल भारतीय शोषित समाज संगठन के अध्यक्ष ब्रजबंधु सैनी के नेतृत्व में महात्मा ज्योतिबा फुले को भारत रत्न दिये जाने की मांग की। इसके साथ 11 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश किये जाने तथा जनपद के अलमासपुर चौराहे पर ज्योतिबा फुले की मूर्ति लगाने की मांग को दोहराया गया। प्रधानमंत्री को लिखे उक्त ज्ञापन में संगठन के लोगों ने मौजूदा पिछड़ा वर्ग आरक्षण पर सवाल उठाते हुए मौजूदा 27 प्रतिशत आरक्षण में से 20 प्रतिशत अति पिछड़े समाज के लोगों को दिये जाने की मांग की। साथ ही ग्राम, क्षेत्र एवं जिला पंचायत से लेकर विधान सभा और लोक सभा सीटें आरक्षित कराने की मांग उठाई। महापंचायत को सम्बोधित करते हुए राजेन्द्र सिंह सैनी एड. ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले का जीवन दलित व अति पिछड़े समाज को शिक्षा के महत्व को बताने में लगा। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर उच्च शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। इन्द्र सिंह कश्यप ने कहा कि देश में पिछड़ा वर्ग आरक्षण को भेदभाव पूर्ण तरीके से लागू किया जा रहा है। ऐसे में अति पिछड़े वर्ग का लाभ चन्द सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक रूप से सक्षम जातियां उठा रही हैं। जिन जातियों को वास्तव में आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए वें जातियां आरक्षण के लाभ से वंचित हो रही हैं। किरणपाल व पाल महासभा जिलाध्यक्ष शिव कुमार पाल ने कहा कि ज्योतिबा फुले भले ही महाराष्ट्र में पैदा हुए हों लेकिन उन्होंने देश भर के दबे कुचले एवं सुविधाओं से वंचित लोगों को शिक्षा के रास्ते को अपनाकर आगे बढ़ने पर जोर दिया। अखिल भारतीय शोषित समाज संगठन के अध्यक्ष ब्रजबंधू एड. ने कहा कि अति पिछड़े वर्ग के लिए ज्योतिबा फुले पथ प्रदर्शक ही नहीं रहे बल्कि उन्होंने अपने जीवन के संघर्षों से सैनी, पाल, कश्यप, कुम्हार, धीमान आदि अति पिछड़ों के अलावा बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर के अनुयायियों को बताया कि आने वाली पीढ़ी की लड़ाई वर्तमान के लोगों को खुद लड़नी होगी।

## शोक सन्देश



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे प्रिय
**स्व. सुनील कुमार गौतम** पुत्र स्व. महेन्द्र सिंह शर्मा का स्वर्गवास
दिन- बुधवार, दिनांक 02-04-2025 को हो गया था।
परमपिता परमात्मा की ऐसी ही इच्छा थी।
जिनकी **रस्म पगड़ी व शोक सभा दिनांक 13-04-2025, दिन-रविवार** को होनी निश्चित हुई है। ईश्वर उनकी आत्मा को शान्ति प्रदान करें।

ब्रह्मभोज — प्रातः 11 बजे
शोक सभा/ रस्म पगड़ी — अपराह्न 02:15 बजे

**स्थान:- गुलशन राय चैरिटेबल ट्रस्ट धर्मशाला, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर**

-: शोकाकुल परिवार :-

**अनिल कुमार गौतम** (भाई)
प्रशासनिक अधिकारी
जजशिप, मुजफ्फरनगर
M.9897344522

**निखिल गौतम** (भतीजा)
एडवोकेट
M.9634917304

**अखिल गौतम** (भतीजा)
M.8650343422

**वैभव गौतम** (भतीजा)

**प्रतिष्ठान :- कृष्णा वाल डेकोर,** मुनीम कॉलोनी, राजवाहा रोड, नई मण्डी,मुजफ्फरनगर

निवासः- मकान नं. 55, पटेल नगर, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर

## रस्म तेरहवीं

ओम शान्ति
ओम शान्ति



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूजनीय माताजी
**श्रीमती सुदेश चावला** धर्मपत्नी श्री सुरेश चावला का स्वर्गवास
दिन मंगलवार, दिनांक 2 अप्रैल 2025 बुधवार को हो गया है,
प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

**रस्म तेरहवीं, आज दिनांक 12 अप्रैल 2025, दिन- शनिवार**

-: कार्यक्रम :-

ब्रह्मभोज — 1.00 बजे दोपहर
रस्म तेरहवीं — 2:00 से 3:00 बजे अपराह्न

**स्थान:- गांधी वाटिका, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर**

शोकाकुल परिवार :-
मनीष -गुन्जन चावला (पुत्र-पुत्रवधु)
हरिकिशन- आशा चावला (भाई-भाभी)
रमेश- ज्योति चावला (भाई-भाभी)
वर्षा चुग्घ -नरेश (ननद-नन्दोई)
नीरू गुम्बर- मनीष (बेटी-दामाद)
रूबी ग्रोवर- गगन (बेटी-दामाद)
प्रीति गुम्बर- मनीष (बेटी दामाद)
वेदांश (पौत्र), सीरत, रूहानी (पौत्री)

प्रतिष्ठान :-
चावला गारमेन्ट्स, सदर बाजार
प्रभात जनरल स्टोर, सदर बाजार
चावला गारमेन्ट्स गैलरी, सदर बाजार

-: निवास स्थान:-
नुमाईश कैम्प (गणेशपुरम)
गली नं. 4 B, मुजफ्फरनगर
M. 9045309030, 9412710527

समस्त चावला परिवार




## तेंदुये के हमले में एक ही परिवार के 3 लोग घायल

**बहराइच 11 अप्रैल (वार्ता)** बहराइच जिले में कतर्नियाघाट वन्य जीव क्षेत्र के सुजौली में तेंदुए ने शुक्रवार के जंगल से निकलकर एक ही परिवार के तीन सदस्यों को घायल कर दिया। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के सुजौली रेंज अंतर्गत सुजौली के गौड़ियाना गांव में तेंदुए के आतंक से लोग दहशत में हैं।

### शेष खबर : स्वास्थ्य विभाग की ....

का कार्य सांवलिया चाइल्ड केयर दिखाकर अवैध तौर पर करके बच्चों व आम जनमानस की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है, जिसमें शहर के ही एक डॉक्टर अनिमेश भारद्वाज भी शामिल थे और डॉ. शिशिर भी सहयोगी बनकर नेहा द्वारा फर्जी डॉक्टरी करके जनमानस की जान से खिलवाड़ कर धन अर्जित कर रहे हैं। इस सम्बन्ध में एक व तीन अप्रैल को सीएमओ को पत्र दिया गया था। शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने इसी शिकायत के आधार पर मामले की जांच करते हुए क्लीनिक पर छापेमारी की, तो क्लीनिक बंद मिला, जिसके कारण उन्हें वापस लौटना पड़ा।

### शेष खबर : मंत्री अनिल कुमार....

है कि आपके कितने विधायक हैं तो मेरा हमेशा एक ही जवाब रहता है कि मेरे 403 विधायक हैं। उन्होंने वन नेशन वन इलेक्शन की ओर इशारा करते हुए कहा कि अब देश को वन नेशन वन इलेक्शन की जरूरत है। जब से देश आजाद हुआ है, देश में कोई न कोई चुनाव रोजाना ही होता दिखाई देता है। कभी नगर पंचायत, कभी विधानसभा, कभी लोकसभा, कभी राज्य सभा, इससे सरकारी धन का नुकसान तो होता ही है, साथ ही साथ शासन प्रशासन का धन से भी अधिक समय का नुकसान होता है। ऐसे में विकास कार्य भी बार-बार रोकने पड़ते हैं, जिससे विकास में देरी होती है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के विषय में बोलते हुए कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने कहा कि वे तीन बार के विधायक रह चुके हैं। यानि उन्होंने विधानसभा के तीन टर्म देख लिये हैं, उन्होंने कहा कि जयंत चौधरी के आशीर्वाद से उन्हें कैबिनेट मंत्री पद मिला है। साथ ही साथ वे बताना चाहते हैं कि उन्होंने भी ऐसा विधानसभा अध्यक्ष अभी तक नहीं देखा। वह सौभाग्यशाली हैं कि विधानसभा अध्यक्ष विनम्र भाव से उनके घर आए हैं। उन्होंने कहा कि सिर्फ मुझसे ही नहीं उनका सभी विधायकों से ऐसा ही स्नेह है। विधानसभा में भी हम लोगों से कोई चूक हो जाती है तो वे एक अध्यापक की तरह हमें समझाते हैं। इससे गर्व की बात हमारे लिए कोई नहीं है कि वे न सत्ता पक्ष का विधायक देखते और न विपक्ष का। सभी के साथ एक जैसा सौम्य व्यवहार रखते हैं।

# किरयाना दुकान की दीवार फाड़कर चोरी

**खतौली, 11 अप्रैल (बु.)।** बीती रात बेखौफ चोरों ने जीटी रोड स्थित किरयाना दुकान की दीवार फाड़कर कीमती सामान व नकदी चोरी कर ली।

मिली जानकारी के अनुसार मौहल्ला सर्राफान निवासी अमित जैन पुत्र राकेश जैन की जीटी रोड घंटाघर के निकट वर्धमान प्रोविजन स्टोर की दुकान है, जिस पर खाद्य सामग्री सहित नाश्ते आदि का सामान बेचने का कारोबार होता है। बताया जाता है कि बीती रात अज्ञात चोर दुकान की पिछली दीवार तोड़कर दुकान में घुस गए। चोर दुकान से कीमती खाद्य सामग्री सहित दुकान के गल्ले से नकदी चोरी कर फरार हो गए। शुक्रवार की सुबह प्रतिदिन की तरह दुकानदार अमित ने जब अपनी दुकान खोली तो दुकान की हालत देखकर उसके होश उड़ गए। दुकान का अधिकांश सामान अस्त व्यस्त दिखाई दिया। दुकान से कीमती सामान सहित गल्ले से नकदी गायब थी। घटना की जानकारी मिलते ही व्यापारियों की मौके पर भीड़ जमा हो गयी। चोरी की सूचना मिलते ही कोतवाली मौके पर पहुंची और पुलिस के सामने व्यापारियों द्वारा नगर में हो रही चोरियों की घटनाओं पर रोष व्यक्त करते हुए चोरी की घटनाओं पर तत्काल अंकुश लगाये जाने की मांग की। पुलिस द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर घटना के शीघ्र खुलासे का आश्वासन दिया। उल्लेखनीय है कि घटना स्थल से मात्र कुछ दूरी पर जीटी रोड पर महावीर जयंती उत्सव पंडाल में बीती रात कवि सम्मेलन का आयोजन हो रहा था, जिसमें सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भारी संख्या में पुलिसबल कार्यक्रम स्थल पर मौजूद बना हुआ था, परन्तु उसके बाद चोर चोरी करने में सफल हो गए।





## मकान के ताले तोड़कर नकदी व आभूषण चोरी

**खतौली, 11 अप्रैल (बु.)।** मायके गयी महिला के बंद मकान के ताले तोड़कर चोर मकान की अलमारी से लाखों रुपये के सोने चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। पीड़ित ने पुलिस से शीघ्र घटना का खुलासा कर अपना सामान बरामद करने की गुहार की है। मिली जानकारी के अनुसार गांव भंगेला निवासी आस मौहम्मद की पत्नी अपना मकान बंद कर अपने मायके गांव बड़सू सिकंदरपुर गयी थी। बताया जाता है कि इस दौरान बंद मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर मकान में घुस गए तथा चोर मकान के कमरे में रखी अलमारी से लाखों रुपये के सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर फरार हो गए। मकान के ताले टूटे देख पड़ोसियों द्वारा फोन द्वारा इसकी सूचना परिजनों को दी गयी। सूचना पर परिजन जब घर वापस आए, तो देखा कि मकान में रखी अलमारी से सोने व चांदी के जेवरात गायब मिले तथा मकान का सभी सामान अस्त व्यस्त पड़ा हुआ था। पीड़ित ने थाने पहुंचकर पुलिस से घटना का खुलासा कर उसका चोरी हुआ सामान बरामद कराये जाने की गुहार की है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आनंदपुर धाम पहुंचे

**अशोकनगर, 11 अप्रैल (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मध्यप्रदेश के अशोकनगर जिले में स्थित आनंदपुर धाम पहुंचे। राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने उनकी अगवानी की। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार श्री मोदी का हेलीकॉप्टर ईसागढ़ तहसील के तहत आने वाले आनंदपुर धाम में लगभग साढ़े तीन बजे उतरा। राज्यपाल श्री पटेल और मुख्यमंत्री डॉ यादव ने हेलीपेड पर उनकी अगवानी की। इसके बाद वे आनंदपुर धाम परिसर के लिए रवाना हो गए। इसके पहले श्री मोदी विशेष विमान से राज्य के ग्वालियर स्थित वायुसेना के विमानतल पर पहुंचे। श्री मोदी यहां से वायुसेना के हेलीकॉप्टर से आनंदपुर धाम के लिए रवाना हुए। श्री मोदी लगभग डेढ़ घंटा आनंदपुर धाम में बिता सकते हैं।**



### नरेंद्र मोदी ने आनंदपुर में गुरुजी महाराज मंदिर के दर्शन किए

**अशोकनगर, 11 अप्रैल (वार्ता)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मध्यप्रदेश के अशोकनगर जिले की ईसागढ़ तहसील क्षेत्र में स्थित आनंदपुर धाम परिसर में ''गुरुजी महाराज मंदिर'' में दर्शन किए। श्री मोदी दोपहर बाद आनंदपुर धाम परिसर पहुंचे। मंदिर परिसर में आनंदपुर धाम के मुख्य कर्ताधर्ताओं ने श्री मोदी का परंपरागत तरीके से स्वागत किया। इसके बाद श्री मोदी मुख्य मंदिर क्षेत्र में पहुंचे और उन्होंने दर्शन किए।

## नालंदा में तूफान से 23 लोगों की मौत, मृतक आश्रितों को अनुदान राशि दी गयी

**राजगीर, 11 अप्रैल (वार्ता)** बिहार में नालंदा के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने बताया कि 10 अप्रैल को भीषण तूफान से जिले भर में 23 लोगों की मृत्यु हुयी है, जिसमें अधिकांश मौत वृक्ष एवं दीवार गिरने से हुई जबकि एक व्यक्ति की मृत्यु वज्रपात से हुई है। श्री शुभंकर ने शुक्रवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में 10 अप्रैल को प्राकृतिक आपदा भीषण तूफान के कारण जिले भर में हुई जान माल की क्षति से संबंधित जानकारियां साझा की। उन्होंने कहा कि सभी मृतकों का सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार सभी मृतक के आश्रितों को अनुग्रह अनुदान की राशि उनके खाते में भेज दी गई है।उन्होंने बताया कि चिकित्सकों की विशेष टीम द्वारा चिन्हित घायलों का इलाज किया जा रहा है।




